नेचुरल रबर के दाम बढ़े

नई दिल्ली ◆ वैश्विक स्तर पर वायदा और हाजिर बाजार में नेचुरल रबर के भाव में बढ़ोतरी की वजह से घरेलू हाजिर बाजार में बुधवार को इसकी कीमत तीन रुपये बढ़कर 239 रुपये प्रति किलो हो गई। रबर बोर्ड के अनुसार मंगलवार को घरेलू बाजार में नेचुरल रबर की कीमत 236 रुपये प्रति किलो थी। भारतीय रबर डीलर्स फेडरेशन के अध्यक्ष जॉर्ज वैली का कहना है कि रबर की कीमतों में वायदा बाजार और हाजिर बाजार में निवेशकों की खरीद की वजह से बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने कहा कि भारत में वायदा और हाजिर बाजार दोनों ही वैश्विक बाजारों का अनुसरण करते हैं।